-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 25.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जसपुरा पुलिस टीम द्वारा गुम हुए 05 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जसपुरा पुलिस द्वारा गुम हुए 05 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 25.06.2026 को थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम अमारा की रहने वाली ममता पाल ने डायल यूपी-112 पर सूचना दी कि उनका 05 वर्षीय पुत्र जसपुरा बाजार में कहीं गुम हो गया है काफी खोजबीन किया लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना जसपुरा श्री ऋषि देव सिंह ने पुलिस टीमों का गठन कर उन्हें विभिन्न संभावित स्थानों पर रवाना किया गया। पुलिस टीमों द्वारा सक्रियता एवं तत्परता के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ तथा संभावित स्थानों पर तलाश करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया तथा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजन द्वारा बच्चे के वापस पाकर पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 ऋषिदेव सिंह
2. हे0कां0 मनोज पाण्डेय
3. कां0 विवेक यादव पीआरवी 8517
4. कां0 आनन्द तिवारी
5. म0कां0 सपना मौर्या